दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 29 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-297

# अंतरिक्ष पर होगी क्विज प्रतियोगिता चंद्रयान-2 की लैंडिंग देखने का मिलेगा मौका

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों और युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरुकता और दिलचस्पी पैदा करने के लिए एक क्विज प्रतियोगिता की घोषणा करते हुए रविवार को कहा कि इसके विजेताओं को भारतीय अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा जाने तथा चंद्रयान -2 की लैंडिंग देखने का मौका मिलेगा।

**» मन की बात में मोदी**



मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की दूसरी कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के बारे में होने वाली इस च्हिज प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी एक अगस्त को 'माई गोव' वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष से जुड़ी जिज्ञासाएं, भारत का अंतरिक्ष अभियान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी - इस च्हिज प्रतियोगिता के मुख्य विषय होंगे। जैसे कि, रॉकेट प्रक्षेपित करने के लिए क्या-क्या करना पड़ता है। उपग्रह को कैसे कक्षा में स्थापित किया जाता है और उपग्रह से हम क्या-क्या जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। ए - सेट क्या होता है। बहुत सारी बातें हैं।

युवाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे दिलचस्प, रोचक और यादगार बनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूलों , अभिभावकों , उत्साही आचार्यों और शिक्षकों से विशेष आग्रह किया कि वे अपने स्कूल को विजयी बनाने के लिए भरसक मेहनत करें। सभी विद्यार्थियों को इसमें जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि हर राज्य से, सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को, केंद्र सरकार अपने खर्च पर श्रीहरिकोटा लेकर जाएगी और सितम्बर में उन्हें उस पल का साक्षी बनने का अवसर मिलेगा जब चंद्रयान, चंद्रमा की सतह पर उतर रहा होगा।

उन्होंने उम्मीद जतायी कि चंद्रयान-2 अभियान देश के युवाओं को विज्ञान और नवप्रवर्तन के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, अब हमें, बेसब्री से सितम्बर महीने का इंतजार है जब चंद्रमा की सतह पर लैंडर - विक्रम और रोवर -प्रज्ञान की लैंडिंग होगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अंतिम संस्कार से लौट रहे 23 लोगों की बोको हराम ने की हत्या

**कानो।** बोको हराम के बंदूकधारियों ने नाइजीरिया में अशांत उत्तर पूर्व क्षेत्र के बोर्नो राज्य में 23 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय मिलिशिया और निवासियों ने बताया कि ये लोग एक अंतिम संस्कार से लौट रहे थे। मैदुगुरी के समीप न्गांजई जिले में इस कुकृत्य को अंजाम दिया गया। स्थानीय मिलिशिया नेता बुनु बुकर मुस्तफा ने बताया कि एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे लोगों के एक समूह पर शनिवार सुबह अंतरराष्ट्रीय समयानुसार करीब साढ़े 10 बजे तीन मोटरसाइकिलों पर आए हमलावरों ने गोलियां चला दीं। मुस्तफा ने बताया, हमारे लोगों ने घटनास्थल से 23 शव बरामद किए हैं। न्गांजई जिले के एक अधिकारी ने घटना और मृतकों की संख्या दोनों की पुष्टि की है।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक की मौत, 5 झुलसे

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के जैतपुर इलाके में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक कांवड़िए की मौत हो गई जबकि पांच अन्य बुरी तरह से झुलस गए. ये सभी लोग ट्रक में सवार होकर हरिद्वार जल भरने के लिए जा रहे थे. मिली जानकारी के मुताबिक, ट्रक में 35 से 40 लोग सवार थे. सभी लोग हरिद्वार जा रहे थे. इसी दौरान जैतपुर में ट्रक ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया. देखते ही देखते ट्रक में करंट उतर गया और विस्फोट की आवाज हुई व 6 कांवड़िए झुलस गए. सूचना पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने 35 वर्षीय बिज्जू खुराना को मृत घोषित कर दिया. बिज्जू जैतपुर गांव का रहने वाला था. गांव के लोगों ने बहुत नीचे आ चुकी हाई टेंशन लाइन की कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की थी, लेकिन इनपर कोई कार्रवाई नहीं हुई. पीड़ित परिजनों ने हादसे के लिए बिजली कंपनी को जिम्मेदार ठहराया हैं और बिजली कंपनी से मुआवजे की मांग की है.

### माल्या ने की संपत्ति कुर्की पर रोक की अपील

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसकी संपत्ति कुर्क किए जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। माल्या भारतीय बैंकों से लिए गए 9,000 करोड़ रुपये के ऋण को चुकाए बिना भारत से भाग गया था और वर्तमान में इंग्लैंड में प्रत्यर्पण संबंधी प्रक्रियाओं से गुजर रहा है। शीर्ष अदालत में उसकी अपील पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, माल्या ने आर्थिक भगोड़ा अपराधी (एफईओ) अधिनियम 2018 के तहत उसकी संपत्ति को जब्त करने के लिए ईडी के अधिकार-क्षेत्र को चुनौती दी है। माल्या ने यह नहीं बताया कि क्या उसने यह संपत्ति गलत तरीके से प्राप्त धन से अर्जित की है। उसने तर्क दिया कि इन संपत्तियों का बैंक ऋण विवाद से कोई संबंध नहीं है। मुंबई उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई को माल्या की संपत्ति को जब्त किए जाने के संबंध में एक विशेष अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था।

### अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली खेप पहुंची भारत

**» पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन में होगा तैनात**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चार अपाचे हेलीकॉप्टरों की पहली खेप शनिवार को गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंच चुकी है, जिन्हें पंजाब के पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन में तैनात किए जाएंगे। अपाचे का अत्यंत आधुनिक एएच-64 हेलीकॉप्टर की डिलीवरी अमेरिकी कंपनी बोइंग निर्धारित समय से पहले कर चुकी है। हालांकि ये हेलीकॉप्टर अभी भारतीय वायुसेना (आईएएफ) को नहीं सौंपे जाएंगे। आईएएफ के एक अधिकारी ने बताया, सही तरीके से असेबलिंग किए जाने के बाद हेलीकॉप्टर हमें सौंपे जाएंगे। इसी प्रकार के चार और हेलीकॉप्टर अगले सप्ताह आएंगे।

## अधिकारियों के कामकाज की जांच करेगी दिल्ली श्रम विभाग की समिति

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार के श्रम विभाग ने अपने अधिकारियों के कामकाज की जांच करने के लिए एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य काम नहीं करने वाले और भ्रष्ट अधिकारियों की पहचान करना है। विभाग द्वारा जारी एक आदेश के मुताबिक, समिति को जल्दी से जल्दी अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। समिति का गठन अतिरिक्त श्रम आयुक्त एम के द्विवेदी की अध्यक्षता में की गई है। दरअसल इस महीने की शुरूआत में उप राज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली के मुख्य सचिव, डीडीए के उपाध्यक्ष, पुलिस आयुक्त और नगर निगम के आयुक्तों को 'भ्रष्ट' अधिकारियों की पहचान करने और 'उन्हें अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त' करने का निर्देश दिया है। इसका उद्देश्य 'अवांछित' और 'गलत करने वाले व्यक्तियों' को हटाना, भ्रष्टाचार खत्म करना और सरकार के कामकाज में सुधार लाना है। आदेश में कहा गया, ''श्रम विभाग में काम करने वाले एडहॉक डीएएनआईसीएस, डीएएसएस, खाता और नियोजन कैडर के अधिकारियों के प्रदर्शन की जांच के लिए अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन और सतर्कता) एम के द्विवेदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है।'' इसमें कहा गया है कि समिति श्रम सचिव को जल्द से जल्द निर्धारित प्रारूप में पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करेगी।

## एनआईए ने बारामूला में 4 ठिकानों पर की छापेमारी

**» टेरर फंडिंग मामला**

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में आतंकियों की कमर तोड़ने के लिए मोदी सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। घाटी में इसी सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई जारी है। उत्तर कश्मीर के बारामूला में टेटर फंडीग के मामले में एनआइए ने कई व्यापारियों के घर छापेमारी की है। इस दौरान पुलिस के साथ सीआरपीएफ की टीम भी मौजूद है। मिली जानकारी के मुताबिक, एनआइए ने अलगाववादी नेता सज्जाद लोन के करीबी व्यापारी आसिफ लोन, तनवीर अहमद, तारिक अहमद और बिलाल भट के घर पर जांच कर रही है।

गौरतलब है कि मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार व्यापार करने वाले दो व्यापारियों के घरों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी पुलवामा और श्रीनगर जिलों में की गई थी।

टेरर फंडिंग के मामले की पड़ताल कर रही एनआईए ने गुलाम अहमद वानी के केलर स्थित आवास पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण कागज और अन्य सामान जब्त



किए गए थे। बता दें कि इससे पहले भी एजेंसी के अधिकारियों ने कश्मीर के तमाम जिलों में अलगाववादी नेताओं और व्यापारियों के घर पर छापेमारी की थी। जानकारी के लिए बता दें कि जमात-उद-दावा, दुखतारन-ए-मिल्लत, लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जम्मू-कश्मीर के दूसरे अलगाववादी समूहों के खिलाफ फंड जुटाने को लेकर 2017 में मामला दर्ज किया गया था। इस संबंध में एनआइए ने 13 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसमें अलगाववादी नेता, हवाला कारोबारी और पत्थरबाज शामिल हैं। हाल ही में एनआईए ने दावा किया था कि कश्मीर घाटी में आतंकी और अलगाववादी गतिविधियां बढ़ाने के लिए पाकिस्तान से टेरर फंडिंग होती रही है। एनआइए ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और कई अन्य अलगाववादी नेताओं से पूछताछ के बाद ही एनआइए ने यह दावा किया था।

## आतंकियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी

**» अफसरों के साथ डोभाल ने की अहम बैठक**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए)अजित डोभाल के बिना किसी पूर्व जानकारी के कश्मीर घाटी पहुंचने के बाद अलग-अलग तरह के कयास लगाए जाने लगे थे. कोई उनके दौरे को अनुच्छेद 35ए से जोड़ रहा था तो किसी ने अनुमान लगाया था कि कश्मीर में कुछ बड़ा होने वाला है. इन सभी खबरों के बीच अब खुलासा हुआ है कि घाटी में एक बड़े आतंकी हमले के खतरे को देखते हुए एनएसए अजित डोभाल ने सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की थी. इसी के साथ घाटी में सेना बढ़ाए जाने के निर्णय को आतंकी हमले की सूचना को देखते हुए मात्र सेना को मजबूत करना बताया गया है.



दरअसल खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिली है कि कश्मीर घाटी में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों द्वारा एक बड़े आतंकवादी हमले की योजना बनाई जा रही है. खुफिया जानकारी को देखते हुए कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की संख्या बढ़ाई गई.

बताया जाता है कि अजित डोभाल दो दिन के दौरे पर श्रीनगर पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की थी. इस दौरान उन्होंने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया. डोभाल के इस दौरे को काफी सीक्रेट रखा गया था. बताया जाता है कि श्रीनगर पहुंचने से कुछ घंटे पहले ही अधिकारियों को एनएसए के पहुंचने की जानकारी दी गई थी.

## भारतीय मूल की गृहमंत्री प्रीति पटेल को ऑनलाइन ट्रोल करने पर 22 महीने की जेल

**लंदन ।** ब्रिटेन में भारतीय मूल की पहली गृह मंत्री प्रीति पटेल पर नस्लवादी टिप्पणी करने के मामले में वहां की एक कोर्ट ने आरोपी को 22 महीने जेल की सुनाई है। मामला पिछले साल है, जब ऑनलाइन ट्रोलर ने प्रीति के फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट लिखे थे। आरोपी गेरार्ड ट्रेयमर को इस साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। उसने ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी की वरिष्ठ सांसद के फेसबुक पेज पर अक्टूबर से दिसंबर 2018 के बीच कई नस्लवादी टिप्पणी पोस्ट की थी। 53 साल के आरोपी ने कोर्ट में प्रीति पर नस्लवादी टिप्पणी करने की बात कबूली। इसी तरह से उत्तरी आयरलैंड की डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी के नेता अर्लेने फोस्टर को भी सोशल मीडिया पर ट्रोल किया था। न्यायाधीश साइमन ब्रायन ने शुक्रवार को मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट में सुनवाई के दौरान यह सजा सुनाई।



उधर प्रीति पटेल ने पुलिसकर्मियों की नियुक्ति के साथ गृहमंत्री के रूप में अपना कामकाज शुरू किया। 20 हजार अतिरिक्त पुलिस अधिकारियों की भर्ती के वादे को पूरा करने के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के संकल्प को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया। जॉनसन ने इसी हफ्ते की शुरुआत में डाउनिंग स्ट्रीट में अपने पहले भाषण में यह मुख्य वादा किया था।

## अमेरिका से युद्ध को तैयार है वेनेज़ुएला : सोशलिस्ट पार्टी नेता

**काराकास।** वेनेजुएला अमेरिका के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोशलिस्ट पार्टी के नेता डिओस्डाडो काबेलो ने यह बयान दिया। समाचार एजेंसी एफे की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने शनिवार को धमकी देते हुए कहा कि अमेरिकी नौसेना ने अगर वेनेजुएला में घुसपैठ तो वे वापस नहीं जाएंगी।

उनका यह बयान वेनेजुएला की सशस्त्र सेना ने इस शनिवार को देश के हवाई क्षेत्र में अमेरिकी जासूसी विमान द्वारा इस महीने में तीसरी बार उल्लंघन करते हुए पाए जाने के बाद आया है। सरकार ने इसे देश और विश्व के लिए स्पष्ट अपराध बताया था।

सैन्य बल द्वारा जारी नोट में लिखा था, एक बार फिर अमेरिका के जासूसी विमान देश के उड़ान सूचना क्षेत्र (एफआईआर) में प्रवेश कर रहे हैं जो विमानन सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन कर रहे हैं।

काबेलो ने काराकास में आयोजित हो रही 25वे साओ पाउलो फोरम के भाग के तौर पर नेताओं की बैठक के दौरान कहा, इन दिनों हम तैयार हैं, और हमने इसे बिना हेकड़ी के देखा, लेकिन अगर वे यह चाहते हैं तो यह हो सकता है- हमारे देश की रक्षा और हमारी शांति के ळिए हमारे सभी लोगों का पूर्ण युद्ध।

काबेलो ने कहा कि संभव है कि अमेरिकी नौसेना वेनेजुएला में प्रवेश करें, जो चेतावनी उन्होंने पहले सुनी थी।

इसके बावजूद उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी सेना वेनेजुएला में घुसपैठ करती है तो उनकी समस्या को छोड़ना होगा।

## सिरफिरे युवक ने की युवती की हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भोगल में शुक्रवार शाम एक युवती प्रीति माथुर की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई. मृतका और आरोपी एक ही इलाके में रहते थे और एक दूसरे को जानते थे. हत्या के तत्काल बाद वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में कर लिए हैं. अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

निजामुद्दीन इलाके की रहने वाली प्रीति माथुर की शुक्रवार शाम साढ़े 6 बजे भोगल इलाके में हत्या कर दी गई. मोहम्मद मुनासिर नाम के एक शख्स ने प्रीति को चाकू गोदकर बड़ी बेरहमी से मारा. लड़की जब अपनी सहेली के साथ बाजार जा रही थी तभी घात लगाए आरोपी ने लड़की पर चाकू से कई वार किये. तब कुछ लोगों ने लड़की को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उनलोगों पर भी हमला कर दिया.

## पूर्व केंद्रीय मंत्री जयपाल रेड्डी का 77 साल की उम्र में निधन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेसी नेता जयपाल रेड्डी का निधन हो गया है। वह बुखार और निमोनिया रोग से पीड़ित थे। शनिवार रात को उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उनकी हालत अधिक खराब होने के बाद उन्होंने देर रात 2:30 बजे अंतिम सांस लीं। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी उम्र 77 साल थी।

जयपाल रेड्डी का जन्म 16 जनवरी 1942 को हुआ था। उन्होंने 7 मई 1960 में लक्ष्मी से विवाह किया था। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं। उन्होंने हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय से एमए की पढ़ाई की थी।



वह 1998 में पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल की कैबिनेट में सूचना और प्रसारण मंत्री रहे थे। जयपाल रेड्डी 1969 से 1984 के बीच आंध्र प्रदेश की कलावाकुर्ती से चार बार विधायक रहे हैं। वह चार बार लोकसभा सांसद और दो बार राज्यसभा सांसद भी रहे हैं। 2009 के लोकसभा चुनावों में जयपाल रेड्डी चेवेल्ला लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे।

उन्होंने यूपीए-2 में भी केंद्रीय शहरी विकास मंत्री और केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री के रूप में कार्य किया। वह 29 अक्टूबर 2012 से 18 मई 2014 तक पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं।

जयपाल रेड्डी ने आपातकाल में कांग्रेस पार्टी को छोड़ दिया था और 1977 में जनता पार्टी में भी शामिल हो गए थे।